# अमेरिकी टैरिफ पर भारत का जवाब : जयशंकर

- विदेश मंत्री ने ऊर्जा सुरक्षा पर अमेरिकी चिंता को टाला
- 500 फीसदी टैरिफ विधेयक पर भारत चिंतित



**नई दिल्ली, 3 जुलाई. रूसी तेल के आयात पर अमेरिका के प्रस्तावित 500 फीसदी टैरिफ पर भारत ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है. विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत इस मुद्दे पर तभी कोई ठोस कदम उठाएगा, जब स्थिति स्पष्ट होगी. उन्होंने इसे पुल को पार करने जैसा बताया, जिसका अर्थ है कि भारत अभी इंतजार कर रहा है.**

जयशंकर इन दिनों अमेरिका के चार दिवसीय दौरे पर हैं. इस दौरान उन्होंने साफ किया कि भारत ने अमेरिका के उस सांसद के सामने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है, जिसने रूस से व्यापार करने वाले देशों पर 500फीसदी शुल्क लगाने वाला विधेयक पेश किया है. वाशिंगटन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयशंकर ने कहा, ऐसे घटनाक्रम, जो भारत के हित में हों या उस पर प्रभाव डाल सकते हों, हम उन्हें बेहद करीब से ट्रैक करते हैं.उन्होंने बताया कि भारत सरकार और भारतीय दूतावास अमेरिकी रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम के संपर्क में हैं. ग्राहम वही सीनेटर हैं, जिन्होंने यह सख्त विधेयक पेश किया है. विधेयक पेश करते समय उन्होंने विशेष रूप से भारत और चीन का नाम लेते हुए आरोप लगाया था कि ये देश मिलकर पुतिन का 70फीसदी तेल खरीद रहे हैं. जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि हमने अपनी ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं और हितों को ग्राहम के साथ स्पष्ट रूप से साझा किया है. अब यह देखना होगा कि यह बिल कितना आगे बढ़ता है. जब समय आएगा, तो हम उस पुल को पार करेंगे.

इस विधेयक को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन भी हासिल है. यह विधेयक उन देशों पर 500 फीसदी आयात शुल्क लगाने की मांग करता है, जो अब भी रूस से व्यापार कर रहे हैं, जिनमें भारत और चीन शामिल हैं.

> विशेषज्ञों का मानना है कि यह विधेयक अमेरिका की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसके जरिए वह रूस पर यूक्रेन युद्ध को लेकर बातचीत के लिए दबाव बनाना चाहता है. अगर यह विधेयक पास हो जाता है, तो भारत से अमेरिका को होने वाला निर्यात बुरी तरह प्रभावित हो सकता है. 500फीसदी शुल्क भारतीय व्यापार के लिए एक बड़ा झटका साबित होगा .इस बीच, भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं. इस समझौते का उद्देश्य ट्रंप द्वारा अप्रैल में घोषित 26 फीसदी जवाबी टैरिफ से बचना है.

# यूपी में रोजगार मिशन को मिली मंजूरी

- हर साल 25-30 हजार विदेश भेजे जाएंगे
- राज्य को मिलेगा खुद का भर्ती एजेंट
- 29 खतरनाक उद्योगों से हटा महिला प्रतिबंध



**लखनऊ ,3 जुलाई .उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए अच्छी खबर है. योगी सरकार ने युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन किया है. गुरुवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है.**

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य के श्रम एवं रोजगार मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि यह मिशन राज्य सरकार को बिना किसी तीसरे पक्ष की भर्ती एजेंसियों पर निर्भर हुए सीधे रोजगार देने में सक्षम बनाएगा. राजभर ने कहा, इस मिशन के गठन के साथ हमने एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया है. हमारा लक्ष्य एक साल में 25,000 से 30,000 बेरोजगार युवाओं को विदेश भेजना और भारत के निजी क्षेत्र में लगभग एक लाख युवाओं को रोजगार देना है.

राजभर ने बताया कि पहले राज्य सरकार को श्रमिकों को विदेश भेजने के लिए बाहरी संस्थानों पर निर्भर रहना पड़ता था. उन्होंने कहा, अब मिशन के लागू होने के बाद राज्य को अपना स्वयं का भर्ती एजेंट प्राप्त होगा, जिससे हम नर्सिंग, पैरामेडिकल, कुशल श्रम, ड्राइविंग, घरेलू काम और अन्य उच्च मांग वाले क्षेत्रों में श्रमबल की विदेशों में सीधे नियुक्तियों की व्यवस्था कर सकेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय श्रमबल की बढ़ती वैश्विक मांग को देखते हुए रोजगार मिशन की स्थापना करना अनिवार्य हो गया था.एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में कैबिनेट ने फैक्ट्री के काम में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए श्रम नियमों में संशोधन को भी मंजूरी दी. पहले महिलाओं को खतरनाक उद्योगों की 29 श्रेणियों में काम करने से रोक दिया गया था.

सरकार ने पिछले साल दिसंबर में ऐसे चार उद्योगों पर प्रतिबंध हटा दिए थे और नवीनतम कदम महिलाओं के लिए अवसरों का और विस्तार करता है.

# 234 गैरहाजिर बॉण्डधारी चिकित्सक बर्खास्त : डॉ . रावत



**देहरादून 03 जुलाई. उत्तराखंड के चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रदेश से कम शुल्क में एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण कर बाण्ड की शर्तों का उल्लंघन कर लम्बे समय से बिना सूचना के गैरहाजिर 234 चिकित्सकों के विरूद्ध बर्खास्तगी के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं.**

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के राजकीय मेडिकल कॉलेजों से पासआउट 234 गैरहाजिर बॉण्डधारी चिकित्सकों के विरूद्ध वसूली के साथ ही बर्खास्तगी की कार्रवाई की जायेगी. साथ ही अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने वाले इन चिकित्सकों की सूची नेशनल मेडिकल काउंसिल को भी उपलब्ध कराई जायेगी.मीडिया को जारी बयान में डॉ. रावत ने बताया कि मेडिकल कॉलेजों के साथ हुये अनुबंध के अनुसार इन चिकित्सकों को एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण होते ही स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत राज्य के पर्वतीय जनपदों में तैनाती दी गई थी. जहां पर इनको न्यूनतम पांच वर्षों तक अपनी सेवाएं देना अनिवार्य था.

# भूस्खलन से केदारनाथ यात्रा ठप

## सोनप्रयाग से यात्रा पर अस्थायी रोक लगाई गई

**रुद्रप्रयाग,03 जुलाई.उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते बड़े पैमाने पर मलबा और पत्थर गिरने से केदारनाथ यात्रा एक बार फिर बाधित हो गई है. सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम यात्रा को फिलहाल अस्थाई रूप से रोक दिया है.**




रुद्रप्रयाग के मुनकटिया स्लाइडिंग जोन में भूस्खलन के बाद पहाड़ से मलबा और पत्थर पूरी सड़क पर आ गया.रुद्रप्रयाग के मुनकटिया स्लाइडिंग जोन में भूस्खलन के बाद पहाड़ से मलबा और पत्थर पूरी सड़क पर आ गया. एहतियातन प्रशासन ने यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया. तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया गया, जो रास्ता खुलने का इंतजार कर रहे हैं.इसी बीच केदारनाथ धाम से लौट रहे लगभग 40 श्रद्धालुओं को एसडीआरएफ ने सोनप्रयाग भूस्खलन क्षेत्र के पास से सुरक्षित रेस्क्यू किया. ये श्रद्धालु रात में अचानक हुए भूस्खलन के कारण रास्ते में फंस गए थे. भूस्खलन सोनप्रयाग के पास हुआ, जो केदारनाथ यात्रा मार्ग का एक अहम पड़ाव है.एसडीआरएफ की टीमों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अंधेरे में ही जोखिम भरा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया.

> उत्तराखंड के दूसरे इलाकों में भी बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है. चमोली पुलिस के अनुसार, बदरीनाथ हाईकोर्ट उमट्टा में बद्रीश होटल के पास भूस्खलन के चलते बंद हो गया. इसी तरह यमुनोत्री हाईवे भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है, जहां सड़क का हिस्सा भारी बारिश के कारण बह गया .इस मौसम में बिजली और जल आपूर्ति जैसी जरूरी सुविधाएं भी प्रभावित हुई हैं.



# 19 दिन से फंसा ब्रिटिश एफ-35

- मरम्मत न होने पर अब टुकड़ों में ले जाएंगे
- 14 जून को हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**तिरुवनंतपुरम,3 जुलाई .केरला के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंसे ब्रिटिश रॉयल नेवी के एफ-35 फाइटर जेट की 19 दिन बाद भी मरम्मत नहीं हो पाई है. 14 जून को इमरजेंसी लैंडिंग के बाद से यह फाइटर जेट धूल और पानी के बीच एयरपोर्ट पर खड़ा है. अब ब्रिटिश रॉयल नेवी इस एफ-35 फाइटर जेट को टुकड़ों में ले जाने की तैयारी कर रही है.**

सूत्रों के मुताबिक, फाइटर जेट को सैन्य कार्गो विमान के जरिए वापस ब्रिटेन ले जाया जाएगा.दरअसल, प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा स्न-35क्र केरल के तट से करीब 100 समुद्री मील दूर ऑपरेशन कर रहा था, जब खराब मौसम और कम फ्यूल की वजह से फाइटर जेट को इमरजेंसी के हालात में 14 जून को तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर लैंड कराना पड़ा था.विमान को केरल में ठीक करने की कई कोशिशों के बावजूद, पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ जेट इंजीनियरिंग खराबी के कारण अभी भी जमीन पर खड़ा है.

सूत्रों ने पुष्टि की है कि विमान को फिर से उड़ान भरने के लिए तैयार करने की सभी कोशिशें अब तक असफल रही हैं. ऐसे में विमान को टुकड़ों में ले जाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा है. लगातार हो रही देरी के बावजूद, यूनाइटेड किंगडम से कोई भी इंजीनियरिंग टीम अभी तक भारत नहीं पहुंची है. सूत्रों ने बताया कि मरम्मत के लिए तीस इंजीनियरों के एक समूह के तिरुवनंतपुरम पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन वे अभी तक नहीं पहुंचे हैं.

### जांच के दौरान हाइड्रोलिक फेलियर का चला पता

जब लड़ाकू विमान अपने एयरक्राफ्ट कैरियर पर लौटने की तैयारी कर रहा था, तो टेकऑफ से पहले की जांच के दौरान हाइड्रोलिक फेलियर का पता चला. इस समस्या को गंभीर माना जाता है क्योंकि यह जेट की सुरक्षित रूप से उड़ान भरने और उतरने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है. तीन तकनीशियनों वाली एक छोटी रॉयल नेवी टीम ने खराबी को ठीक करने की कोशिश की, लेकिन समस्या की जटिलता के कारण उन्हें सफलता नहीं मिली.

# रेशमा दुदानी को मिला राष्ट्रीय सम्मान

## रियल एस्टेट और अवसंरचना क्षेत्रों में रही उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियां

**नई दिल्ली, 3 जुलाई. एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड की वरिष्ठ कार्यपालक निदेशक (इंजी.) रेशमा दुदानी को जून 2025 में चौथे एनएआरईडीसीओ माही रियल एस्टेट कन्वेंशन में प्रतिष्ठित एनएआरईडीसीओ माही वूमेन अचीवर्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया. उन्हें रियल एस्टेट और अवसंरचना क्षेत्रों में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों, सुदृढ़ नेतृत्व और अमूल्य योगदान के लिए यह सम्मान मिला.**



यह पुरस्कार दुदानी के लिए गर्व का क्षण है और उद्योग में महिला नेतृत्व को समर्थन देने की एनबीसीसी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. एनबीसीसी सक्रिय रूप से ऐसा कामकाजी माहौल बढ़ावा देता है जहां महिला प्रोफेशनल्स को विकास करने, नेतृत्व करने और सफलता प्राप्त करने के समान अवसर मिलते हैं. समावेशी नीतियों और मेंटरशिप के माध्यम से, एनबीसीसी महिलाओं को अपनी अधिकतम क्षमता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है. दुदानी की सफलता प्रतिभा को समर्थन मिलने पर प्राप्त होने वाली उपलब्धियों का प्रतीक है.

# लखनऊ में दामाद ने की बुजुर्ग दंपति की हत्या

**लखनऊ 03 जुलाई.** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आलमबाग क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपने बुजुर्ग सास ससुर की चाकू मार कर हत्या कर दी. पुलिस उपायुक्त आशीष श्रीवास्तव ने गुरुवार को बताया कि गढ़ी कनौरा पुलिस चौकी क्षेत्र में बीती देर रात जगदीप सिंह नामक व्यक्ति ने घरेलू विवाद के बीच अपने ससुर अनंतराम (75) और आशा देवी (73) पर चाकू से हमला कर दिया. शोरगुल सुन कर आस पड़ोस के लोगों ने जगदीप को पकड़ लिया और पुलिस को सूचित किया. घायल दंपति को अस्पताल ले जाया गया जहां दोनो को मृत घोषित कर दिया गया.

# डाकघर सेवा में डिजिटल क्रांति

## भोपाल के 35 डाकघरों में नई प्रणाली होगी लागू

**भोपाल, 03 जुलाई. डाक विभाग को अगली पीढ़ी के ए.पी.टी. एप्लीकेशन की शुरुआत की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में हमारी यात्रा में एक बड़ी छलांग है.**




इस परिवर्तनकारी पहल के हिस्से के रूप में, उन्नत प्रणाली को भोपाल संभाग में 08.07.2025 को से.टी.टी नगर मुख्य डाकघर, एम्स, अरेरा हिल्स, अयोध्यानगर, बाग मुगलिया, बंगरसिया, गोविन्दपुरा, एच.ई हॉस्पीटल, आई.बी.डी हालमार्क सिटी, कोकता, कोलार रोड, मिसरोद, आर एस नगर, सत्पुड़ा, शिक्षामंडल, सूरजनगर, त्रिलंगा, यूनिवर्सिटी, विद्या विहार, आनन्दनगर, अवधपुरी, बरखेड़ा एच.ई, कमला नगर, एम.ए.सी.टी, एमपी विधान सभा, एमपी भोज ओपेन यूनिवर्सिटी, नयापुरा कोलार, आर एस मार्केट, राजभवन, रिजनल कॉलेज, शास्त्री नगर, शिवाजी नगर, तुलसी नगर, वल्लभ भवन डाकघरों/उपडाकघरों व इससे सम्बद्ध शाखा डाकघरों में लागू किया जाएगा.

## एक नजर में




### उत्तर प्रदेश को मिलेगा नया लिंक एक्सप्रेसवे

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश सरकार ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को अनुमोदन प्रदान किया है .औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक में यह मंजूरी प्रदान की गयी है. लगभग 49 .96 किमी लंबा यह एक्सप्रेसवे छह लेन का होगा, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा. इसका निर्माण ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) मॉडल पर किया जाएगा. परियोजना पर अनुमानित 4775 .84 करोड़ रुपये का व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा. इस लिंक एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और गाजीपुर जैसे प्रमुख शहरों के बीच आवागमन और अधिक सुगम, त्वरित और बाधारहित हो सकेगा.

### इंडोनेशिया में जहाज डूबने से चार लोगों की मौत

**जकार्ता.** इंडोनेशिया के बाली जलडमरूमध्य में गुरुवार को एक यात्री जहाज के डूबने से चार लोगों की मौत की हो गयी और 38 लोग लापता हो गए और 23 अन्य बच गए .पूर्वी जावा खोज और बचाव कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी थोलेब वटेलेहन ने यह जानकारी दी है .अधिकारियों के अनुसार लकड़ी का जहाज केएम टुनु प्रतामा जया पूर्वी जावा के बन्युवांगी रीजेंसी में केटापांग बंदरगाह से बाली द्वीप पर जेम्ब्राना रीजेंसी में गिलिमनुक बंदरगाह की ओर जा रहा था .-वटेलेहन ने बताया, घटना में 23 लोग बच गए, चार की मौत हो गई और 38 अन्य लापता हैं .उन्होंने बताया कि यह घटना दोनों क्षेत्रों के बीच समुद्री सीमा के पास हुई थी. इसलिए बाली द्वीप और पूर्वी जावा दोनों से खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिए गए हैं.

### अमेरिका में विमान दुर्घटना में पांच लोग घायल

**न्यूयॉर्क.** अमेरिका में न्यू जर्सी के विलियमस्टाउन में क्रॉस कीज हवाईअड्डे के पास एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम पांच लोग घायल हो गए .स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है .उन्होंने बताया कि यह हादसा बुधवार को स्थानीय समयानुसार शाम 5-30 बजे हुआ. सभी पांच घायलों को कैमडेन के पास स्थित कूपर यूनिवर्सिटी अस्पताल ले जाया गया .उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है.

# ट्रम्प के शरण प्रतिबंध पर रोक

**सैक्रामेंटो, 03 जुलाई. एक अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के देश में शरण बंद करने के नवीनतम आदेश पर रोक लगा दी है.**



न्यायाधीश ने कहा कि व्हाइट हाउस ने कांग्रेस के आव्रजन कानूनों और संविधान दोनों का उल्लंघन किया है.कोलंबिया जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश रैंडोल्फ डी मॉस ने बुधवार को 128-पृष्ठ के आदेश में लिखा कि श्री ट्रम्प की जनवरी की घोषणा जिसमें सीमा पार करने वालों की संख्या में वृद्धि को आक्रमण के रूप में ब्रांड किया गया था और एक वैकल्पिक आव्रजन प्रणाली बनाने की कोशिश की गई थी, ने कांग्रेस द्वारा अमेरिकी आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम में बनाए गए सुरक्षा उपायों को दरकिनार कर दिया.उन्होंने कहा कि चूंकि घोषणा में प्रवेश के बंदरगाहों के साथ-साथ आधिकारिक सीमा पर प्रवेश करने वाले लोगों को मानवीय जांच से वंचित किया गया था, इसलिए अदालत ने इसे अमेरिकी धरती पर किसी को भी शरण लेने का मौका देने की गारंटी देने वाले वैधानिक पाठ के साथ मौलिक रूप से असंगत पाया. यह प्रावधान राष्ट्रपति को कुछ गैर-नागरिकों को देश से बाहर रखने का अधिकार देता है लेकिन शरण को खत्म करने की अनुमति नहीं देता.

## आज का इतिहास

1776 अमेरिकी कांग्रेस ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता से घोषणा की.

1902 साहित्य, दर्शन और इतिहास के प्रकाण्ड विद्वान स्वामी विवेकानन्द का निधन.

1914 बर्दुन का युद्ध समाप्त.

1963 भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के अभिकल्पक पिंगलि वेंकय्या का निधन.

1996 रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन पुन- चार वर्ष हेतु राष्ट्रपति निर्वाचित.

1997 अमेरिकी यान %सोजर्नर% मंगल ग्रह पर पहुँचा.

2003 पाकिस्तान में शिया मस्जिद पर हुए हमले में 44 मारे गये.

2005 आस्ट्रेलिया में डाल्फ़िन की एक प्रजाति स्नबफ़िन खोजी गई.

2006 गांधी शांति पुरस्कार विजेता व भारत में जर्मनी के पूर्व राजदूत गरहार्ड फ़िशर का निधन.

# गुजरात जोड़ो अभियान की शुरुआत

- केजरीवाल ने भाजपा पर साधा निशाना
- गुजरात में जनसंपर्क अभियान शुरू

**अहमदाबाद,3 जुलाई.आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को गुजरात में एक बड़े जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की है. उन्होंने दावा किया है कि राज्य के लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार से असंतुष्ट और मोहभंग हो चुके हैं और अब वे एक विकल्प की तलाश में हैं.**

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, आप प्रमुख ने गुजरात जोड़ो अभियान शुरू करने की घोषणा की. यह एक अनोखी पहल है जिसके तहत पार्टी कार्यकर्ता लोगों के विभिन्न वर्गों तक पहुंचेंगे और उन्हें पार्टी की जन-समर्थक नीतियों के बारे में बताएंगे और उनका समर्थन प्राप्त करेंगे. केजरीवाल ने कहा, अगले ढाई साल में, आप कार्यकर्ता और स्वयंसेवक राज्य के हर परिवार का दौरा करेंगे और उनका समर्थन मांगेंगे. उन्होंने एक फोन नंबर भी जारी किया, जिस पर लोग मिस कॉल देकर आप से जुड़ सकेंगे.यह कहते हुए कि विसावदर सीट से आप उम्मीदवार गोपाल इटालिया की जीत राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में पार्टी के प्रवेश की शुरुआत थी.



> केजरीवाल ने बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति, राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ की स्थिति को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना की. उन्होंने वर्तमान सरकार पर युवाओं की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा न करने का भी आरोप लगाया. उन्होंने आगे कहा कि व्यापार बर्बाद हो गए हैं, युवा और किसान पूरी तरह से हताशा में हैं, जबकि सूरत सहित शहर बाढ़ के पानी में डूबे हुए हैं. केजरीवाल ने टिप्पणी की कि गुजरात के लोगों को अब एक विकल्प मिल गया है, और जल्द ही निवासी भाजपा को एक सबक सिखाएंगे.

**अमरनाथ यात्रा** — केंद्रीय मंत्री चौहान ने इस यात्रा को शिव भक्तों के लिए विशेष महत्व का बताया

# अमरनाथ यात्रा सनातन संस्कृति का प्रतीक : शिवराज



**नई दिल्ली, 3 जुलाई. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी हैं. शिवराज सिंह ने इस यात्रा को सनातन संस्कृति और भगवान शिव के भक्तों के लिए विशेष महत्व का बताया. जम्मू कश्मीर दौरे से पहले उन्होंने ये प्रतिक्रिया दी है.**

शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं! महान सनातन संस्कृति और देवाधिदेव महादेव के भक्तों के लिए विशेष महत्व रखने वाली यह दिव्य यात्रा आप सभी तीर्थयात्रियों के लिए सुखद, मंगलमय और कल्याणकारी हो. बाबा बर्फानी आप सबकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करें और अपना आशीर्वाद सदैव बनाए रखें, यही प्रार्थना है.

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी बाबा बर्फानी के सभी भक्तों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं. एलजी ऑफिस के 'एक्स' अकाउंट से एक पोस्ट में लिखा गया, श्री अमरनाथ जी की पवित्र यात्रा से समाज और राष्ट्र को नया मार्गदर्शन मिलता है. बाबा अमरनाथ जी की पवित्र यात्रा का आज से शुभारंभ हो रहा है. मैं बाबा बर्फानी के सभी भक्तों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं.

### तीर्थयात्रियों ने की सुरक्षा व्यवस्था की तारीफ

36 दिनों तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का एक और जत्था गुरुवार को जम्मू से घाटी के लिए रवाना हुआ. दूसरे जत्थे में 5246 तीर्थयात्री शामिल हैं, जिन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच जम्मू के कैनाल रोड स्थित भगवती नगर से घाटी के लिए भेजा गया. अधिकारियों ने बताया कि इन तीर्थयात्रियों में से 1993 यात्री बालटाल बेस कैंप जा रहे हैं, जबकि 3253 पहलगाम बेस कैंप जा रहे हैं. तीर्थयात्री 'बम बम भोले' और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े. बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए तीर्थयात्रियों में उत्साह दिखा. उन्होंने सरकार की ओर से मुहैया कराई गई सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं की तारीफ की. तीर्थयात्रियों ने भारतीय सेना पर पूरा भरोसा जताया.



# हापुड़ में सड़क हादसे में पांच मरे

**हापुड़ 03 जुलाई.** उत्तर प्रदेश में हापुड़ क्षेत्र के हाफिजपुर क्षेत्र में तेज रफ्तार कैंटर की चपेट में आने से बाइक सवार पांच लोगों की मृत्यु हो गयी. पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि क्षेत्र के रफीकनगर मोहल्ले के निवासी दानिश (40) बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे अपने बच्चों मायरा (11), समायरा (10) तथा भतीजे समर (08), मिहिम (10) के साथ मोटरसाइकिल से एक फार्म हाउस पर स्विमिंग पूल में नहाने गए थे. लौटते समय बुलंदशहर मार्ग पर एक तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे पांचों की मौत हो गई.